nt>

Title: Need to provide financial assistance to Government of Bihar for drainage of water logging in Munghyr Parliamentary Constituency-Laid.

श्री ब्रहमानन्द मंडल (मुंगेर): मुंगेर संसदीय क्षेत्र के लखीसराय जिला के सूर्यगढ़ा प्रखण्ड के किसनपुर, भिड़हा, झपानी, मेदनी चौकी, अमरपुर, देवधरा, मुंगेर जिला के धरहरा प्रखण्ड के वाहाचौकी, हेमजापुर, शिवकुण्ड, महरना इत्यादि गांवों के 10 हजार एकड़ जमीन गंगा के बाढ़ से जल जमाव रहता है क्योंकि पानी निकासी का कोई व्यवस्था नहीं है। गंगा नहर फेज-II जो केन्द्रीय योजना से बना था जिसका गेट बंद रहने के कारण पानी जमा हुआ रहता है। वरियारपुर और खड़गपुर प्रखण्ड से लेकर गनगनिया तक और लक्ष्मीपुर जामीर से लेकर खरिय तक जल जमाव रहता है।

अतः केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि जल निकासी योजना बनाकर इस उपजाऊ भूमि को बचाने के लिए राट्रीय हित में धन आबंटित करें।